# सैनिक शिशु निकेतन पहुंचे सीएम



**रीवा।** विंध्य क्षेत्र की शान सैनिक स्कूल रीवा में मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह का आगमन 10 अगस्त को अपरान्ह 12:10 बजे विद्यालय के हेलीपैड पर हुआ। सर्वप्रथम सैनिक शिशु निकेतन की छात्रा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर मुख्यमन्त्री का स्वागत किया। साथ ही कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य , सैनिक स्कूल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। अंत में मुख्यमन्त्री ने सैनिक शिशु निकेतन के नन्हे-मुन्हे छात्रों से प्रेमपूर्वक बातचीत की किया व पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान किया।



# सैनिक स्कूल में आकर्षक परेड

सैनिक स्कूल में सैनवी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर ध्वजारोहण प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने किया। कैडेट्स ने आकर्षक परेड की। वहीं एसएएफ ग्राउंड में सैनिक स्कूल रीवा की तीन टुकडियां, एनसीसी आर्मी विंग, नेवल विंग व एयर विंग सम्मिलित हुए। जिसमें  प्रथम गर्ल्स विंग, द्वितीय स्थान आर्मी विंग, तृतीय एयर विंग रहे। कार्यक्रम में नेहा रावल, मेजर एपीएस भुल्लर, स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य, डॉ आरएस पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# सैनवा स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि

सैनिक स्कूल में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का गरिमामयी आयोजन हुआ। समारोह के आरम्भ में प्रातः 8 बजे विद्यालय परिसर स्थित सैनवा स्मारक पर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के परेड मैदान में हुए समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल रहे, जिनके द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत समारोह में विद्यालय के छात्रों ने समूह गान, समूह नृत्य समेत अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सैनिक शिशु निकेतन के छोटे-छोटे बच्चों ने भी कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्राचार्य श्री रावल ने छात्रों से देश की रक्षा व विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान प्रथम महिला नेहा रावल, मेजर ए.पी.एस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर सी.एच. त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य डॉ आर.एस. पाण्डेय समेत अन्य अध्यापकगण, कर्मचारी, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। बताया गया कि एसएएफ मैदान में हुए समारोह में सैनिक स्कूल रीवा की तीन टुकड़ी एनसीसी आर्मी विंग, नेवल विंग व एयर विंग ने सहभागिता निभाई। इसके अतिरिक्त परेड में पहली बार भाग ले रहीं सैनिक स्कूल रीवा की गर्ल्स विंग भी सम्मिलित हुईं।

# सैनिक स्कूल में छात्रों से की बातचीत

सैनिक स्कूल रीवा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सैनिक शिशु निकेतन की छात्रा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर सीएम का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने छात्रों से बातचीत की। इस अवसर पर सैनिक स्कूल के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल सहित शिक्षक एवं छात्रों ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी भी खिंचवाई।

# मुख्यमंत्री ने सैनिक शिशु निकेतन के छात्रों से की बातचीत




**रीवा देशबन्धु।** विंध्य क्षेत्र की शान सैनिक स्कूल रीवा में मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह का आगमन 10 अगस्त 2023 को अपरान्ह 12:10 बजे विद्यालय के हेलीपैड पर हुआ। सर्वप्रथम सैनिक शिशु निकेतन की छात्रा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर मुख्यमन्त्री का स्वागत किया। साथ ही कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा नें मुख्यमंत्री से मुलाकात की। अंत में मुख्यमन्त्री नें सैनिक शिशु निकेतन के नन्हे-नन्हे छात्रों से अत्यंत प्रेम पूर्वक बातचीत की किया व पूर्वनिर्धारित कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान कर गए।

# सैनिक स्कूल का परमवीर चक्र से अलंकृत सुबेदार मेजर ने किया भ्रमण



**रीवा देशबन्धु।** भारतीय सेना के सर्वोच्च वीरता पदक परमवीर चक्र से अलंकृत सुबेदार मेजर संजय कुमार, का सैनिक स्कूल रीवा मे आगमन 4 जुलाई 2023 को हुआ। सर्वप्रथम सायं 5:45 बजे उन्होंने सैनवा मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सायं 6 बजे विद्यालय के मानेकशा सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ व स्वागतगान के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तत्पश्चात कैडेट नें उनका संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर सभी कैडेट्स जोश व उत्साह से भर उठे। विदित हो कि संजय कुमार का जन्म 3 मार्च 1976 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के कलोल बल्किन ग्राम में हुआ था। सूबेदार संजय कुमार ने कारगिल युद्ध में एरिया फ्लैट टॉप पर कब्ज़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस बहादुरी के लिए उन्हें 1999 में परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। वर्तमान में सुबेदार मेजर संजय कुमार 13 जम्मू एंड कश्मीर राइफ्ल, खड़गवासला में कार्यरत हैं। सुबेदार नें सभी कैडेट्स को उत्साहित करते हुए कारगिल की लड़ाई के दौरान अपने अनुभवों व मुख्य बिंदुओं पर एक विशेष प्रेजेंटेशन दिया। जिसमें उन्होनें कारगिल युद्ध में दुश्मनों की तैयारियों, भारतीय सैनिकों के द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस व अत्यंत मुश्किल परिस्थितियों में दिखाए गए रण कौशल को विस्तार से बताया। जिसको देखकर सभी लोग अत्यंत रोमांचित व अचंभित हो उठे। अंत में कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा नें स्मृति चिन्ह प्रदान कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल, मैडम नेहा रावल, स्क्वॉड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, ले कर्नल एपीएस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी, डॉ आरएस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षक गण, कर्मचारी, गणमान्य अतिथि गण व छात्र उपस्थित रहे।

# कैडेट्स के साथ साझा किये कारगिल युद्ध के अनुभव

## परमवीर चक्र मेजर संजय कुमार का सैनिक स्कूल में मोटिवेशनल व्याख्यान



**जागरण, रीवा।** भारतीय सेना के सर्वोच्च वीरता पदक परमवीर चक्र से अलंकृत सुबेदार मेजर संजय कुमार का सैनिक स्कूल में आगमन हुआ। सर्वप्रथम सायं 5:45 बजे उन्होंने सैनवा मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सायं 6 बजे विद्यालय के मानेकशा सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया। पुष्पगुच्छ व स्वागत गान के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। तत्पश्चात कैडेट नें उनका संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर सभी कैडेट्स जोश व उत्साह से भर उठे। विदित हो कि सूबेदार संजय कुमार ने कारगिल युद्ध में एरिया फ्लैट टॉप पर कब्ज़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस बहादुरी के लिए उन्हें 1999 में परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। वर्तमान में सुबेदार मेजर संजय कुमार 13 जम्मू एंड कश्मीर राइफल खड़गवासला में कार्यरत हैं। सुबेदार मेजर संजय कुमार ने सभी कैडेट्स को उत्साहित करते हुए कारगिल की लड़ाई के दौरान अपने अनुभवों व मुख्य बिंदुओं पर एक विशेष प्रेजेंटेशन दिया। जिसमें उन्होनें कारगिल युद्ध में दुश्मनों की तैयारियों , भारतीय सैनिकों के द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस व अत्यंत मुश्किल परिस्थितियों में दिखाए गए रण कौशल को विस्तार से बताया। अंत में कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल, मैडम नेहा रावल, स्क्वॉड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार , ले. कर्नल ए पी एस भुल्लर प्रशासनिक अधिकारी , डॉ आर एस पाण्डेय वरिष्ठ अध्यापक , समस्त शिक्षकगण , कर्मचारी , गणमान्य अतिथिगण व छात्र उपस्थित रहे।

# परमवीर चक्र से अलंकृत सुबेदार मेजर संजय कुमार आज आयेंगे सैनिक स्कूल

रीवा( नव स्वदेश) । भारतीय सेना के सर्वोच्च वीरता पदक परम वीर चक्र से अलंकृत सूबेदार मेजर संजय कुमार 4 अगस्त को सैनिक स्कूल रीवा आ रहे हैं । उक्त अवसर पर सूबेदार मेजर संजय कुमार, परम वीर चक्र स्कूल के कैडेटों को मानेकशा सभागार में सायं 06 बजे सेना की रोमांचक जीवन शैली एवं युद्ध कौशल के सम्बन्ध में अपने अनुभवों से छात्रों को अवगत करायेंगे ।



वर्तमान में सूबेदार मेजर संजय कुमार, परम वीर चक्र राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडगवासला में पदस्थ हैं और उन्हें 4 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध/आपरेशन विजय में उन्हें अदम्य साहस एवं वीरता के लिए सेना के सर्वोच्च वीरता पदक परम वीर चक्र से अलंकृत किया गया । उल्लेखनीय है कि इनके साथ कैप्टन विक्रम बत्रा को भी परम वीर चक्र ( मरणोपरान्त) से अलंकृत किया गया था ।

# युद्ध कौशल के संबंध में अपने अनुभव साझा करेंगे मेजर संजय कुमार

**भा.सं.। रीवा** भारतीय सेना के सर्वोच्च वीरता पदक परमवीर चक्र से अलंकृत



सूबेदार मेजर संजय कुमार का आगमन 4 अगस्त को सैनिक स्कूल रीवा में हो रहा है। बताया गया है कि इस अवसर पर सूबेदार मेजर संजय कुमार परमवीर चक्र स्कूल के कैडेटों को मानेकशॉ सभागार में सायं 6 बजे सेना की रोमांचक जीवनशैली एवं युद्ध कौशल के संबंध में अपने अनुभवों से साझा कराएंगे। बताया गया है कि वर्तमान में सूबेदार मेजर संजय कुमार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़गवासला में पदस्थ हैं। उन्हें विगत 4 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध आपरेशन विजय में अदम्य साहस एवं वीरता के लिए सेना के सर्वोच्च वीरता पदक परमवीर चक्र से अलंकृत किया जा चुका है। बताया गया है कि इनके साथ कैप्टन विक्रम बत्रा को भी परमवीर चक्र ( मरणोपरांत ) से अलंकृत किया गया था।

# सैनिक स्कूल आएंगे परमवीर चक्र सम्मानित सूबेदार मेजर संजय

रीवा @ पत्रिका. भारतीय सेना के सर्वोच्च वीरता पदक परमवीर चक्र से अलंकृत सूबेदार मेजर संजय कुमार 4 अगस्त को सैनिक स्कूल रीवा आएंगे। वे स्कूल के कैडेट्स को मानेकशा सभागार



में सेना की रोमांचक जीवन शैली एवं युद्ध कौशल के सम्बन्ध में अपने अनुभवों से अवगत करायेंगे। वर्तमान में सूबेदार मेजर संजय कुमार परमवीर चक्र राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में पदस्थ हैं।